# 7

# मैं और मेरा देश

## 3. मिलान कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. | जब हम कोई हीन या बुरा काम करते हैं तो | ग. | (i) | देश की हीनता और श्रेष्ठता से है |
| ख. | हम कोई श्रेष्ठ कार्य करते हैं, तो | क. | (ii) | देश का सिर नीचा होता है। |
| ग. | हमारी हीनता और श्रेष्ठता का संबंध | ङ. | (iii) | सीढ़ियों के कोनों में थूकते हैं। |
| घ. | क्या आप कभी केला खाकर छिलका | ख. | (iv) | देश का गौरव बढ़ता है। |
| ङ. | होटलों, धर्मशालाओं या दूसरे स्थानों में | घ. | (v) | रास्ते में फेंकते हैं? |

**श्रुतलेख :** सम्मान, अनुचित, रामतीर्थ, प्लेटफ़ॉर्म, ज़रूरत, दुर्लभ, प्रवेश, वर्जित, श्रेष्ठता, संबंध, प्रतिष्ठा, राष्ट्रीय, संस्कृति, सुरक्षित

क ख ग
संज्ञा सर्वनाम

## बात भाषा की

**1. दिए गए शब्दों में से विशेषण तथा विशेष्य चुनकर जोड़े बनाइए।**

कार्य, ताज़े अच्छे, फल, आचरण, एक, अनुचित, टोकरी, कार्य, सिर, इस, ऊँचा, देश, निमंत्रित, श्रेष्ठ, व्यक्ति, आघात, राष्ट्रीय, भयंकर, संस्कृति

| विशेषण | विशेष्य | विशेषण | विशेष्य |
| --- | --- | --- | --- |
| अच्छे | कार्य | इस | देश |
| ताज़े | फल | निमंत्रित | व्यक्ति |
| अनुचित | आचरण | भयंकर | आघात |
| एक | टोकरी | राष्ट्रीय | संस्कृति |
| ऊँचा | सिर | श्रेष्ठ | कार्य |

**2. किसी शब्द में आगे या पीछे शब्दांश जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं। इससे बनने शब्दों को 'शब्द-परिवार' कहते हैं।**

**नीचे दिए गए शब्दों का परिवार पूरा कीजिए।**

| | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| क. | मान | सम्मान | अपमान | विमान |
| ख. | देश | संदेश | विदेश | आदेश |
| ग. | फल | सफल | निष्फल | फलाहार |
| घ. | घटना | दुर्घटना | घटनाक्रम | घटनात्मक |
| ङ. | विद्या | विद्यालय | विद्यार्थी | विद्याध्ययन |
| च. | ज्ञान | विज्ञान | अज्ञान | संज्ञान |

### 3. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़िए।

- देश के सम्मान <u>की</u> रक्षा के लिए उचित आचरण करना चाहिए।
- एक दिन ऐसा हुआ <u>कि</u> उन्हें खाने को फल नहीं मिले।
- वहाँ भी उन्होंने फलों की खोज <u>की</u>।

प्रथम वाक्य में रेखांकित पद 'की' सम्मान और रक्षा दो संज्ञाओं का संबंध बता रहा है, **यह सं कारक** है। दूसरे वाक्य में 'कि' दो वाक्यों को जोड़ रहा है, अतः यह **योजक पद** है। तीसरे वा में 'की' क्रिया की समाप्ति बता रहा है, अतः यह **क्रिया पद** है।

### 'की/कि/की' द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क. स्वामी जी ने समझा ............ कि ............ यह कोई फल बेचने वाला है।

ख. लीजिए, आपको फलों ............ की ............ ज़रूरत थी।

ग. किसी से यह न कहिएगा ............ कि ............ जापान में अच्छे फल नहीं मिलते।

घ. यह समझ लें ........की........ हमारी हीनता और श्रेष्ठता का संबंध देश से है।
ङ. क्या आप इधर ........की........ उधर और उधर ........की........ इधर लगाते हैं?
च. देश ........की........ प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

**4. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग करके सार्थक वाक्य बनाइए।**

क. सिर नीचा होना (अपमान होना)

तुमने चोरी करके अपने माता-पिता का सिर नीचा किया है।

ख. सिर ऊँचा होना (सम्मान बढ़ जाना)

परीक्षा में प्रथम आकर राम ने अपने परिवार का सिर ऊँचा किया है।

ग. कलंक का टीका लगाना (कलंकित होना)

तुम्हारे अनुचित कार्यों से परिवार को कलंक का टीका लग गया।